ई-सिम प्रौद्योगिकी

प्रलिम्सि के लिये:

ई-सिम (eSIMs) प्रौद्योगिकी, दूरसंचार से संबंधित प्रौद्योगिकी।

मेन्स के लिये:

ई-सिम प्रौद्योगिकी के फायदे और नुकसान।

चर्चा में क्यों?

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल इंक मोबाइल नेटवर्क तक पहुँच हेतु**भौतिक सिम स्लॉट के बिना या ई- सिम (eSIMs) बाज़ार में उतारने जा रहा है।**



//

ई-सिम (eSIM):

- eSIM को पहली बार वर्ष 2012 में उपयोग किया गया था।
- यह एम्बेडेड सिम है, जो एक नियमित सिम कार्ड चिप के समान हार्डवेयर में स्थायी रूप से एम्बेडेड होता है।
- पारंपरिक सिम कार्ड की तरह, eSIM में भी कुछ घटक होते हैं, जो फोन के आंतरिक भागों का हिस्सा होते हैं और वे भी उसी तरह कार्य करते हैं, दूरसंचार ऑपरेटरों तथा अन्य उपभोक्ताओं के लिये एक विशिष्ट पहचानकर्त्ता के रूप में कार्य करते हुए जब वे कॉल करते हैं या टेक्स्ट भेजते हैं तो

आपके सटीक स्मार्टफोन तक पहुँचे जाते हैं।

- हालाँकि मिदरबोर्ड से जुड़ा होने से री-प्रोग्रामिंग की भी अनुमति होती है, जिससे उपयोगकर्त्ता किसी भी भौतिक सिम कार्ड को प्रतिस्थापित किये बिना ऑपरेटरों को स्विच कर सकते हैं।

फायदे:

- **सुरक्षा:**
  - eSIM के खोने का ज़ोखिम कम होता है, साथ ही किसी भी प्रकार के भौतिक नहीं होने के कारण इसे किसी उपकरण से निकालने जैसी कोई समस्या नहीं होती।
  - खो जाने के बाद भी आपके सोशल मीडिया या बैंक खातों में सेंध लगाने के लिये हमलावर आपके फोन का उपयोग नहीं कर सकते।
- **अनावश्यक छिद्र की कमी:**
  - अनावश्यक छिद्र के अभाव से फोन को धूल अथवा जल से क्षति होने की संभावना कम होती है।
  - इससे फोन के अंदरूनी भाग में थोड़ी जगह बचती है जिसका **उपयोग किसी अन्य काम के लिये किया जा सकता है।**

नुकसान:

- **आपातकाल में:**
  - यदि आपका फोन काम करना बंद कर देता है या गिर जाता है और स्क्रीन टूट जाती है, बैटरी खत्म हो जाती है तो आपका संचार eSIM के साथ पूरी तरह से ठप हो जाता है। जबकि ऐसे में पारंपरिक सिम को टूटे फोन से निकालकर दूसरे बैकअप डिवाइस या सेकेंडरी फोन में जल्दी से लगाया जा सकता है।
- **eSIM को सपोर्ट न करने वाले देशों में अनुपयोगी:**
  - eSIM फोन का उपयोग उस देश में नहीं किया जा सकता है जहाँ दूरसंचार ऑपरेटर अभी तक तकनीक का समर्थन नहीं करते हैं।
  - उस स्थिति में कोई समस्या नहीं उत्पन्न होती है यदि आपका फोन eSIM और पारंपरिक सिम दोनों का समर्थन करता है, लेकिन यूएस-संस्करण iPhone 14 जो केवल eSIM का समर्थन करता है जैसे उपकरणों में यह समस्या देखी गई है।
- **दूरसंचार कंपनियों का अधिक नियंत्रण:**
  - एक eSIM दूरसंचार ऑपरेटर के स्टोर से प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन किसी को अपना फोन स्विच करते समय ऑपरेटर पर निर्भर रहना पड़ता है।
  - भविष्य में ऑपरेटर eSIM प्लान या फोन स्विच करने के लिये अतिरिक्त शुल्क ले सकते हैं।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/esims-technology